Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित





पीएम मोदी ने बर्धमान में चुनावी जनसभा को संबोधित.०१

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

रायबरेली से राहुल गांधी ने किया नामांकन पत्र दाखिल....०१

वर्ष: ०१ अंक: 297 | बदायूं, शनिवार ०४ मई 2024 | पृष्ठ- ०६ | मूल्य- 4.०० रूपये

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट?



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। शीर्ष अदालच ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। बेंच ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। बेंच ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी।

शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं। पीठ ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा था। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी बरकरार रखते हुए कहा था कि कुछ भी अवैध नहीं था और उनके बार-बार समन पर पेश नहीं होने और जांच में शामिल होने से इनकार करने पर ईडी के पास कोई विकल्प नहीं बचा था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और निष्पादन में कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है।

### सहमति से संबंध बनाना गलत नहीं, एचसी की अहम टिप्पणी

**दिल्ली।** हाईकोर्ट ने एक शादीशुदा आरोपी व्यक्ति पर बलात्कार ले झूठे मामले पर कहा कि सामाजिक मानदंड ही निश्चित करते हैं कि दोनों के बीच बने संबंध शादी के दायरे में आते हैं। लेकिन इसमें कुछ भी गलत नहीं है। यदि दोनों के बीच में कुछ भी होता है। चाहे उनकी वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कोर्ट ने शादी का झांसा देकर महिला से बलात्कार करने वाले आरोपी को जमानत दे दी।

## राहुल गांधी ने किया नामांकन, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के अलावा प्रियंका और सोनिया रहीं मौजूद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे।

आज सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। पहले राहुल गांधी को इस पूजा में शामिल होना था और एक रथनुमा खुले ट्रक में सवार होकर नामांकन करने जाना था लेकिन नामांकन में देर होता देख वह सीधे अपनी बंद गाड़ी से ही निकल गए।

राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।

हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल गांधी के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। 2०19 में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के सामने चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस को कभी टक्कर दी थी लेकिन चुनाव हार गए थे। 2०18 में दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनिया गांधी को 5,31,918 मत मिले थे। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3,67,74० मत मिले थे। दिनेश प्रताप 1,64,178 मतों से हार गए थे, लेकिन उन्होंने सोनिया गांधी के जीत के अंतर को कम कर दिया था।

### एक नजर

### आगरा में स्वामी प्रसाद मौर्य पर मंच पर बोलते समय फेंका जूता

**आगरा।** जिले में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी उत्तम सिंह निषाद के समर्थन में डौकी के सती जनसभा करने आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी बृजेश भदौरिया ने जूता फेंक दिया। इसके पहले फतेहाबाद में भी हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका था। काले झंडे दिखाकर उनकी गाड़ी पर स्याही फेंकी थी। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहाबाद में होतम सिंह निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में जैसे ही माइक पर आए। हिंदू महासभा के पदाधिकारी भदोरिया ने जूता फेंक कर मारा जो कि माइक पर जाकर लगा। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ उसे पकड़ लिया। इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए। इतनी ही नहीं कार पर स्याही भी फेंकी गयी। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तकरार भी हुई। ऐसे विरोध को देख स्वामी प्रसाद मौर्य वापस लौट गए।

## पीएम मोदी ने बर्धमान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना



**कोलकत्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिन को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुंकार भरी। चुनाव प्रचार के दौरान यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए बताया कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। इस रैली में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी डर के कारण रायबरेली भाग गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा, डरो मत, भागो मत।

रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और वर्षों से ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है। उन्होंने आगे कहा, मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं और न ही मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं। मैं केवल आपकी सेवा का संकल्प लेकर, महान भारत माता के 14० करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं। मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। ये मैं अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहा हूं। मेरे अपने मतलब - मेरा भारत, मेरा परिवार। आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर जी रहा हूं। विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा।


## अमेठी में प्रियंका ने रोड-शो कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अमेठी।** लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को अमेठी के कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के बारे में कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव-गांव को जानते हैं। सभी को पहचानते हैं और लंबे समय से यहां का कामकाज देख रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी उन्हें जीत दिलाएंगे। हम अमेठी में सच्चाई की राजनीति के लिए आए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओ का हालचाल पूछा और उनसे जीत के लिए काम करने की अपील भी की। प्रियंका ने कहा कि भाजपा के लोग धनबल से चुनाव लड़ते हैं हम जनता के बल पर लड़कर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि ये आपका चुनाव है आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे।

## मेरे अंगने में तुम्हारा क्या... आंवला में सपा-कांग्रेस पर सीएम योगी ने ली चुटकी

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर के रामलीला मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राम मंदिर का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि जो कभी नहीं हुआ, वो अब हुआ है। रामलला का भव्य मंदिर बन गया है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग बना पाते क्या? ये लोग बोलते थे कि राम थे ही नहीं। जब राम मंदिर बन गया तो बोलते हैं राम सबके हैं। इन लोगों का दोहरा चरित्र है। चुनाव जब आएगा, तब आपके पास आएंगे। चुनाव के बाद पहचानेंगे भी नहीं नहीं। वह फिल्मी गाना है, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या..., यही बोलेंगे। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग झूठ बहुत बोलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2०14 से पहले दुनिया में सम्मान नहीं था। आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही थीं। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। लोग भूख से मरते थे।

## आप मंत्री आतिशी बोली- भाजपा महिला विरोधी पार्टी



**दिल्ली।** सरकार में मंत्री आतिशी ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी पार्टी रही है। ये लोग रेवन्ना जैसे लोगों को चुनाव लड़वाते हैं। उसके बारे में सबकुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री हाथ फैलाकर वोट मांगते हैं। वहीं, इनकी सरकार पीड़ित और परेशान महिलाओं के लिए काम करने वाली संस्था दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रही हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा-आरएसएस से जुड़े तमाम नेता वर्षों से कह रहे हैं कि आरक्षण को खत्म करना है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार कह रहे हैं कि 4०० सीट दे दो, संविधान बदलना है। प्रधानमंत्री इन बातों का जवाब दें। वहीं, अमित शाह ने साबित कर दिया कि भाजपा और उनकी ईडी का अरविंद केजरीवाल को समन भेजने का इरादा ही उन्हें गिरफ्तार करने का था। अमित शाह के बयान ने साफ कर दिया है कि दिल्ली आबकारी नीति में ईडी की जांच का मकसद आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं को परेशान करना है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी कानून में हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का डाटा मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

### शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लाने जा रहा चॉपर क्रैश

**मुंबई।** एक निजी हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर उद्धव शिवसेना की उप नेता और प्रवक्ता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा था। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पायलट की जान बाल-बाल बच गई। अंधारे ने इस घटना का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने अपनी जान बचाने के लिए हेलिकॉप्टर से कूदने का फैसला लिया। कूदने से वह बाल-बाल बच गया, लेकिन वह घायल हो गया। हालांकि रायगड के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।




# निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं चुनाव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण क्षेत्र में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि बूथ पर कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र का भ्रमण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि मतदान के दौरान पूर्व चिन्हित वल्नरेबल मजरों के मतदाताओं ने मतदान कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि बूथ पर निष्पक्ष होने के साथ निष्पक्ष दिखना भी है। निष्पक्षता आपके आचरण में दर्शित भी होनी चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि 24 अप्रैल से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ था आज प्रशिक्षण सत्र का समापन हुआ है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। आयोग की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि उनकी ड्यूटी मैनेजरियल व मजिस्ट्रियल दोनों प्रकार की हैं। उन्होंने कहा कि जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं।



उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि वह ०४ मई को अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों व बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां आयोग द्वारा निर्धारित एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर छाया व पेयजल होना चाहिए। उन्होने बताया कि जनपद में 4०8 क्रिटिकल बूथ हैं प्रत्येक पर माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करें।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने जानकारी देते बताया कि इस बार के निर्वाचन में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची को वोट देने का आधार नहीं माना है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित विकल्पों को मतदाता को दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेंट की नियुक्ति के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है।

उन्होंने बताया कि ०6 मई को मंडी समिति से मतदान दलों की रवानगी के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा अपने सेक्टर के मतदान कार्मिकों व माइक्रो ऑब्जर्वर यदि कोई हो, तो उसकी हाजिरी चैक की जाएगी। हाजिरी के दौरान अगर कोई मतदान दल का सदस्य या माइक्रो आब्जर्वर अनुपस्थित रहता है। तब उस दशा में हाजिरी की जांच के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सूचना दिए जाने पर ही उन्हें कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर की उपलब्धता कराई जाएगी।

उन्होंने पोलिंग एजेंट कौन हो सकता है, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने पीठासीन व मतदान अधिकारियों के दायित्व सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारियों की जिज्ञासाओं को धैर्य पूर्वक सुना व शांत किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में एक महिला कर्मी भी होगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक बिल्सी राशि कृष्णा, उप जिलाधिकारी न्यायिक दातागंज विजय कुमार मिश्र, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला सहित सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर व जोनल पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्ण गंभीरता व समर्पण भाव से अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें माइक्रो आब्जर्वर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने शुक्रवार को डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि वह पूर्ण गंभीरता व समर्पण भाव से अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य करें।



सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर को एक ही बूथ मॉनिटरिंग के लिए दिया गया है। वह धैर्यपूर्वक व गंभीरता से निर्वाचन के दिन अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर से कहा कि आपका कार्य मॉनिटरिंग करना है इसी पर फोकस करें।

मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदाता द्वारा अपने पसंद के उम्मीदवार के नाम के आगे वाले नीले बटन को दबाने पर उस उम्मीदवार के बटन के सामने वाली लालबत्ती जल जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता द्वारा अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने पर उससे संबंधित विवरण वीवीपैट मशीन पर ०7 सेकंड के लिए पर्ची के माध्यम से प्रदर्शित होगा। उसके उपरांत स्वत: कटकर वीवीपैट मशीन में वह पर्ची सुरक्षित हो जाएगी। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया, पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के दायित्व सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सार-संक्षेप

## कुकर्म के दोषी युवक को दस साल की सजा



**बदायूं।** बालक के साथ कुकर्म के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने युवक को दोषी करार दिया है। 25 हजार रुपये के जुर्माने के साथ ही आधी धनराशि पीड़ित बालक को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने 27 अप्रैल 2०17 को पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि 26 अप्रैल को वह पत्नी के साथ खेत पर मक्का की फसल निकाल रहा था। घर पर उसका छह साल का बेटा था। तभी परिचित युवक चांद बाबू बालक को टॉफी दिलाने का लालच देकर अपने घर ले गया। युवक ने बालक के साथ कुकर्म किया।

## महिला संगठन ने पत्रकार दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**संभल।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी ने पत्रकार दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया सर्वप्रथम डॉ सुधा चौधरी स्पेशल कमेटी मेंबर सुभाष रस्तोगी प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर कृष्ण अवतार गुप्ता भूतपूर्व अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ आरंभ किया गया ये कार्यक्रम जय श्री पार्क सेक्टर नंबर 3 आवास विकास पुष्प विहार में किया गया जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी ने पत्रकार को सम्मानित किया गया इसमें पत्रकारों को पानी की बोतल और अंगोछा देकर सम्मानित किया गया हमें अपने पत्रकारों का सम्मान करना चाहिए इस मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा सचिव शालिनी सक्सेना जी भी मौजूद रही फेडरेशन अफसर शिखा शर्मा और ग्रुप के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा शीनू शर्मा सीमा अग्रवाल सोनिया गर्ग नीतू रस्तोगी विमलेश सैनी नेहा कश्यप नन्दिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे

## निरयावली ग्राम के लोगों ने 2०24 के लोकसभा चुनाव का करा वहिष्कार




**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद के विधान सभा क्षेत्र गुन्नौर लोक सभा क्षेत्र 23 बदायूं के तहसील गुन्नौर के ब्लाक रजपुरा के ग्राम निरयावली में लोगों ने गांव में प्रदर्शन किया तथा लोकसभा निर्वाचन 2०24 का अपनी मांग को लेकर पूरे गांव की जनता ने चुनाव वहिष्कार करने की घोषना की है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गवां होली चौक से सीधा ग्राम निरयावली में डाक्टर भीमराव अंम्बेडकर पार्क तक सड़क का निर्माण करना। गांव में सड़क, खडंजा डलवाना। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट सम्भल को पत्र लिखकर भेजा है। प्रदर्शन करने वाले ग्राम निवासी राजेश कुमार शर्मा, संजय कुमार शर्मा, रोहतास कुमार, प्रेमपाल सिंह, शेर सिंह, ममता रानी, भोले सिंह, ओमपाल, नरेश कुमार, विष्णु शर्मा, सुभाष कश्यप, रामरती, नेमपाल, मनोज कुमार, छोटू शर्मा, गंगादेवी, भूरी देवी, कश्मीरी तथा हेम सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# बिजली स्पार्किंग से चार झोंपड़ियों में आग लगी, सात पशु जिंदा जले

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**कादरचौक।** थाना क्षेत्र के गांव गंगपुर पुख्ता में बीते दिनों शाम बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग से चार झोंपड़ियों में आग लग गई। इससे सात पशुओं की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया।



गंगपुर पुख्ता गांव के चार भाइयों शिवरतन, देव सिंह, ओमवीर और प्रेम सिंह की झोंपड़ियां पास-पास हैं। ग्रामीणों के मुताबिक प्रेम सिंह की झोंपड़ी के नजदीक बिजली का खंभा लगा है। शाम करीब चार बजे बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से प्रेम सिंह की झोंपड़ी में आग लग गई। तेज हवा चल रही होने से कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर बाकी तीन भाइयों की झोंपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

उन्हें झोंपड़ियों से सामान बाहर निकालने और पशुओं को खोलने तक का मौका नहीं मिला। आग से एक भैंस, तीन बकरियां और तीन गोवंशीय पशुओं की जलकर मौत हो गई। झोंपड़ियों में रखा सारा सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने में जुट गए। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा चुके थे।

### घूरे से उठी चिंगारी से झोंपड़ी में लगी आग, दो लाख का नुकसान

वहीं मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव उतरना में बीती शाम घूरे से उठी चिंगारी से झोंपड़ी में आग लग गई। इससे दो लाख से ज्यादा का सामान जलकर राख हो गया। किसान कल्याण के परिवार वाले शाम के समय घरेलू काम निपटा रहे थे, तभी उनकी झोंपड़ी में आग लग गई। इससे नकदी, कपड़े, बर्तन समेत काफी सामान जलकर राख हो गया। कल्याण के मुताबिक, एक दिन पहले ही वह गेहूं बेचकर आए थे। उन्होंने इसकी सूचना राजस्व विभाग के अधिकारियों को दे दी है।

# बरेली में 17 केंद्रों पर 12 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बरेली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से रविवार को राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) 17 केंद्रों पर कराई जाएगी। इसमें करीब 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। एनटीए के जिला समन्वयक वीके मिश्रा के अनुसार परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:2० बजे तक चलेगी। प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू होगा।




जिले में बीबीएल स्कूल अलखनाथ, आर्मी पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बिशप कानरॉड सीनियर सेकंडरी स्कूल कैंट, जीआरएम सीनियर सेकंडरी स्कूल, बीबीएल पीलीभीत रोड, विद्या वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नंबर दो, पद्मावती अकादमी, पुलिस मॉडर्न स्कूल, चौपुला, रोहिला इंटरनेशनल स्कूल, अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल, चाइल्ड केयर बिशप कानरॉड स्कूल, जेबीएस, केंद्रीय विद्यालय नंबर एक और दिल्ली पब्लिक स्कूल को केंद्र बनाया गया है।

नीट के लिए बदायूं जिले में पांच सेंटर बनाए गए हैं। इन पर 3114 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। कॉलेजों की तरफ से तैयारी शुरू हो गई है। परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच के बाद में प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

एपीएस उझानी, टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल, ब्लूमिंगडेल स्कूल, मदर एथीना स्कूल और डीपीएस में पांच मई को दोपहर दो से शाम 5:2० बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से एंट्री दी जाएगी। अपराह्न 1:3० बजे गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापक अपनी-अपनी तैयारी में लग गए हैं।

सिटी कोआर्डिनेटर रविंद्र भट्ट ने बताया कि सभी परीक्षार्थी समय से संबंधित सेंटरों पर पहुंच जाए। प्रवेश पर जो नियम लिखे हैं, उनका पालन करें। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ में आधार कार्ड और एक पोस्टकार्ड के बराबर फोटो लेकर आएं। परीक्षा केंद्र में कोई भी लिखित पाठ्य सामग्री, ज्योमेट्री या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, ई-पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, ब्ल्यूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, वालेट, गोगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, एटीएम, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, प्लास्टिक आईडी कार्ड, कोई भी रिमोट वाली चाबी, कोई भी घड़ी, स्मार्ट वॉच, कैमरा, वाइटनर, धातु की कोई भी वस्तु या खाद्य पदार्थ अपने साथ परीक्षार्थी नहीं लाएं।

# प्रेक्षक ने किया वेब कास्टिंग मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2०24 को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए जनपद में भेजे गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वह की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नज़र आएं।



प्रभारी वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल/जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 1321 पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग कराई जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कैमरा, सॉकेट, इंटरनेट कनेक्शन आदि की व्यवस्था कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग सेल में 32 एलसीडी, 32 लैपटॉप व अच्छी क्षमता व फ्रीक्वेंसी वाला इंटरनेट कनेक्शन लगाया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव को निर्विघ्न व सकुशल रूप से निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ० वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में निर्वाचन के दृष्टिगत स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने उपस्थित कार्मिकों से कहा कि वह भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी शिकायतों को प्राप्त कर उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ० वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# ईएसएमएस पोर्टल पर होता है उड़न दस्ता दल की कार्यवाही का अपडेशन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उड़न दस्ता दल निरंतर रूप से चेकिंग अभियान चला रहा है। शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र दातागंज, शेखूपुर, बदायूँ, बिल्सी, सहसवान एवं बिसौली में वाहनों की चेकिंग की गई। ईएसएमएस (इलैक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर प्रत्येक का अपडेशन कराया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी बदायूं के द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन शिफ्टों में तीन अलग-अलग फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया गया है अर्थात एक शिफ्ट में तीन अलग-अलग टीमें अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग का कार्य कर रही हैं, जोकि निरंतर रूप से कार्यरत है।

## संपादकीय

# इलेक्ट्रिक कारों का भविष्य?



द इकॉनमिस्ट पत्रिका जो स्वयं को एक समाचार पत्र कहती है, वह एक पुराना और प्रतिष्ठित संस्थान है। कहा जाता है कि उसे सफल लोग पढ़ते हैं जबकि कम सफल लोग, मिसाल के तौर पर आपके इस स्तंभकार जैसे लोग उसे कभी-कभार पढ़ते हैं। एक बार ऐसे ही उसे पढ़ते हुए द इकॉनमिस्ट वेबसाइट की एक खबर का शीर्षक जेहन में अटक गया। 14 अप्रैल, 2०23 के अंक में शीर्षक था, 'भविष्य बिजली से चलने वाले वाहनों का है। भारत में कुछ लोगों को द इकॉनमिस्ट का वह लहजा पसंद नहीं आता है जिसमें वह भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति को कवर करता है। खासतौर पर तब जबकि अर्थव्यवस्था और राजनीति, दोनों शब्द एक साथ आते हैं। परंतु पत्रिका ने वाहन क्षेत्र को लेकर जो कहा वह बात भारत में कई लोगों को पसंद आई होगी। पेट्रोल-डीजल इंजन से इलेक्ट्रिक व्हीकल को अपनाने की ओर बढ़ना भारत जैसे देश के लिए एक रूमानी संभावना है जिसने लैंडलाइन फोन की कमी की स्थिति से सीधी छलांग लगाई और स्मार्टफोन की प्रचुरता वाली स्थिति में आ गया। इसे अंग्रेजी के चार अक्षरों वाले शब्द से स्पष्ट किया जा सकता है जो 'एस' से आरंभ होता है। यही वह शब्द है जिसका भारतीय गेंदबाजी के लिए इस्तेमाल करने से राहुल द्रविड़ पिछले वर्ष हिचकिचा गए थे। कुछ समय पहले तक चर्चा थी कि भारत कुछ वर्षों में आईसीई कारों के पंजीयन पर रोक लगा देगा, शायद इस दशक के अंत तक वह ऐसा कर दे। बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहन सड़कों पर बड़ी तादाद में नजर आ रहे हैं। इस वर्ष मार्च में 1,38,००० बिजली चालित दोपहिया वाहनों का पंजीयन हुआ। इससे पहले मई 2०23 में 1,०3,००० इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पंजीकृत हुए थे। मार्च में हुआ पंजीयन फरवरी की तुलना में करीब दोगुना था। इस महीने दोपहिया वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी नौ फीसदी रही। अकेले स्कूटर के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी मार्च में 28 फीसदी तक पहुंच गई। यह सही है कि अप्रैल का महीना निराशाजनक रहा और ऐसा मुख्य तौर पर सरकारी सब्सिडी में कमी आने की वजह से हुआ परंतु बिजली चालित दोपहिया वाहन का उपयोग मजबूत बना हुआ है। उनकी कीमतों में कमी आ रही है। उन्हें चार्ज करना आसान है। बाजार में ऐसे कई मॉडल आ चुके हैं और कई आने वाले हैं। कम दूरी के आवागमन के लिए ये बहुत अच्छे विकल्प हैं। उदाहरण के लिए ई-कॉमर्स डिलिवरी वगैरह। कारें अधिक लंबी दूरी का सफर तय करती हैं क्योंकि सड़क नेटवर्क में सुधार के कारण लोगों की सड़क यात्राएं बढ़ी हैं। उन्हें बड़ी बैटरी की आवश्यकता होती है जो महंगी आती है और चार्ज होने में अधिक समय लेती है। कई चर्चित इलेक्ट्रिक कारों की कीमत अभी भी बहुत अधिक है हालांकि टाटा और एमजी ने कुछ सस्ती इलेक्ट्रिक कारें बनाई हैं। लक्जरी कारों की श्रेणी में इनका प्रदर्शन बेहतर है क्योंकि वहां कीमत कार खरीदने में अहम भूमिका नहीं निभाती। वहां अक्सर लोगों के पास एक से अधिक कारें होती हैं और लंबी दूरी के लिए आईसीई कार होती है। परंतु जब इलेक्ट्रिक कारों की बात आती है तो हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इलेक्ट्रिक कारों पर 5 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर लगता है और कुल कारों में इनकी हिस्सेदारी दो फीसदी के करीब है। तुलनात्मक रूप से देखें तो हाइब्रिड कारों पर 28 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर लगता है लेकिन उपकर सहित इस पर लगने वाला कर बढ़कर 43 फीसदी हो जाता है। केवल छोटी कारों पर इससे कम कर दर लगती है। आईसीई कारों पर भी वस्तु एवं सेवा कर लगता है लेकिन उपकर सहित इन पर कुल कर 5० फीसदी हो जाता है। कार के आकार और इंजन क्षमता के अनुसार इनमें अंतर होता है। अभी भी कुछ अनुमान हैं जो कहते हैं कि देश में वित्त वर्ष 2०23 से 2०3० के बीच 4.2 करोड़ यात्री वाहन बिकेंगे जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करीब 6० लाख होगी। यानी बहुत बड़ी तादाद में दूसरी किस्म की कारें बिकेंगी। याद रखना होगा कि अनुमान लगाया गया था कि 2०3० तक देश में आईसीई कारों का पंजीयन बंद हो जाएगा। दूसरी किस्म की कारों में हाइब्रिड कारें शामिल होंगी जिनमें आईसीई के अलावा बैटरी भी होती हैं। ये कारें इलेक्ट्रिक कारों की तुलना में सस्ती होती हैं। इनके साथ ये चिंता भी नहीं जुड़ी होती है कि ये कितनी दूरी तय कर पाएंगी और ये बात इन्हें बहुत अधिक उपयोगी बनाती है। भारत में ऐसी कारों की तादाद बढ़ी है। टोयोटा ने भारत में अपनी हाइब्रिड तकनीक पेश की। यह तब चर्चा में आई थी जब हॉलीवुड के सितारों ने इस सदी के आरंभ में प्रियस कार चलानी शुरू की थी। कंपनी ने देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी के साथ साझेदारी में भी कई कारें बेचना आरंभ किया है।

**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-2436०1**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# अपोलो हॉस्पिटल्स का शेयर गिरा, एएचएल और कीमेड के मूल्यांकन पर सवाल

भारत की सबसे बड़ी सूचीबद्ध हेल्थकेयर सेवा कंपनी अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज का शेयर सोमवार को 4.6 प्रतिशत गिर गया था और मंगलवार को भी यह ०.34 प्रतिशत गिरकर 5,946.2० रुपये पर बंद हुआ। सहायक इकाई अपोलो हेल्थको के लिए कम मूल्यांकन और कीमेड के लिए ज्यादा मूल्यांकन की वजह से शेयर में गिरावट आई। कीमेड प्रवर्तक के स्वामित्व वाली थोक दवा कंपनी है जिसका एएचएल में विलय किया जा रहा है।




एएचईएल अपनी आंशिक हिस्सेदारी एएचएल में बेच रही है और कीमेड का विलय डिजिटल हेल्थकेयर एवं ओम्नीचैनल फार्मेसी एएचएल के साथ हो रहा है। कीमेड पर विचार अलग अलग हैं, लेकिन कई ब्रोकरों ने एएचएल के लिए ज्यादा मूल्यांकन का अनुमान जताया है। एएचईएल वैश्विक निजी इक्विटी निवेशक को एएचएल में 16.8 प्रतिशत हिस्सेदारी देने के लिए एडवेंट इंटरनैशनल से दो बार में 2,475 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी जुटा रही है। जुटाई जाने वाली पूंजी का इस्तेमाल एएचएल में विकास, 73० करोड़ रुपये में कीमेड में 11.2 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के लिए किया जाएगा। सौदे के दूसरे चरण में कीमेड का 24 से 3० महीनों में एएचएल में विलय हो जाएगा। जब दोनों लेनदेन हो जाएंगे, तो एएचएल में एडवेंट की हिस्सेदारी घटकर 12.1 प्रतिशत रह जाएगी। पूरे सौदे से एएचएल को एक एकीकृत फार्मेसी वितरण व्यवसाय स्थापित करने में मदद मिल सकेगी, जो ओम्नीचैनल डिजिटल हेल्थ सेगमेंट का पूरक होगा। इससे एएचईएल के मुख्य सेगमेंटों से नकदी निकासी घटाने में मदद मिलेगी। नुवामा रिसर्च में विश्लेषकों आशिता जैन और श्रीकांत अकोलकर ने कहा कि एएचएल का 1.7 अरब डॉलर का मूल्यांकन 2.7 अरब डॉलर के संभावित मूल्यांकन की तुलना में काफी कम था। नुवामा रिसर्च के विश्लेषकों के अनुसार कुछ निवेशकों ने कीमेड के मूल्यांकन पर भी सवाल उठाए।

जापान की मित्सुई द्वारा कीमेड में 2० प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद पिछले साल मूल्यांकन लगभग दोगुना हो गया और यह दवा होलसेलर के वित्त वर्ष 2०24 के लिए अनुमानित परिचालन लाभ के मुकाबले 22 गुना ज्यादा था। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज का मानना है कि 1.7 अरब डॉलर के उद्यम मूल्यांकन पर एएचएल का सौदा उनके अनुमान से कम था और यह उनके पहले निर्धारित मूल्य से 25 प्रतिशत की छूट पर था। हालांकि ब्रोकरेज के विश्लेषक अलंकार गरुडे ने कहा कि कीमेड का 6,4०० करोड़ रुपये का इक्विटी मूल्यांकन काफी हद तक उचित है, क्योंकि उसने करीब एक साल पहले 5,००० करोड़ रुपये में अल्पांश शेयरधारकों के साथ सौदे पूरे कर लिए थे। उनका कहना है कि मित्सुई के 3,००० करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्यांकन से कीमेड मूल्यांकन की तुलना करना अनुचित होगा।

# गोदरेज समूह में बंटवारा- ब्रांड का बचाव

गोदरेज समूह ने अपने 127 वर्ष के इतिहास में एक मजबूत ब्रांड विकसित किया है। कुछ अनुमानों के मुताबिक यह देश के 1० सबसे प्रतिष्ठित और मूल्यवान ब्रांड में से एक है। बीते कई दशकों के दौरान उसके उत्पादों खासकर उपभोक्ताओं से जुड़े उत्पादों का मूल्यवर्द्धन हुआ है। परंतु इस दौरान समूह में आंतरिक समन्वय और पारिवारिक नियंत्रण के संस्थानीकरण के क्षेत्र में लगातार संघर्ष की स्थिति बनी रही। वास्तव में कोई 'गोदरेज समूह' है ही नहीं जो इसके सभी उपक्रमों को एकजुट करता हो, न ही टाटा संस की तरह कोई एक होल्डिंग कंपनी है।



करीब एक दशक से भी अधिक पहले पारिवारिक कारोबार बोर्ड गठित करने की योजना भी फलीभूत नहीं हो सकी। भारत में परिवारों के स्वामित्व वाले कारोबारों के संस्थापकों की शुरुआती सख्ती के बाद आगे की पीढ़ियों में अलग-अलग दृष्टिकोण वाले कई हितधारक आ गए। यह भी समस्याओं की एक वजह रही। बहरहाल, हाल ही में घोषित गोदरेज परिवार की हिस्सेदारी में विभाजन जिसे 'स्वामित्व पुनर्संयोजन' कहा जा रहा है, वह ऐसी असहमति के प्रबंधन वाला अपेक्षाकृत कम प्रभाव डालने वाला और सौहार्दपूर्ण तरीका प्रतीत होता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि मोटे तौर पर गोदरेज समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के अंशधारक शायद संपत्ति के उस नुकसान से बच जाएं जो आमतौर पर पारिवारिक विवादों के बाद होता है। विभिन्न सूचीबद्ध कंपनियां मसलन गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड एक तरफ रहेंगी और इन्हें आदि और नादिर गोदरेज के परिवार चलाएंगे जबकि उनके भाई बहिन यानी जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज कृष्णा गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह को चलाएंगे जिनमें गोदरेज ऐंड बॉयस की गैर सूचीबद्ध फर्म का दबदबा है।

कई लोगों की रुचि इस बात में थी कि विक्रोली में भारी भरकम लैंड बैंक का प्रबंधन किस प्रकार होगा। इस पर गोदरेज ऐंड बॉयस का नियंत्रण है। करीब 3,००० एकड़ से अधिक की यह जमीन एक सदी से परिवार के पास है और इसमें मुंबई के निकट ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से लगी हुई काफी जमीन शामिल है।

परिवार ने अपनी मुख्य प्रेस विज्ञप्ति में इस जमीन के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। बहरहाल, एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति में जोर देकर कहा गया कि जमीन मालिक और डेवलपर गोदरेज ऐंड बॉयस तथा उसकी अनुषंगी गोदरेज कंस्ट्रक्शंस तथा डेवलपमेंट मैनेजर और मार्केटर गोदरेज प्रॉपर्टीज मिलकर इस जमीन पर काम करना जारी रखेंगे। सारी जमीन विकास कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं है लेकिन मुंबई की 1,००० एकड़ जमीन पारिवारिक विवाद पैदा करने के लिए पर्याप्त है। खुशकिस्मती से ऐसा प्रतीत होता है कि परिवार इससे बचने में कामयाब रहा है। बहरहाल इस जमीन का विकास किस प्रकार होगा और क्या आदि गोदरेज का पक्ष इस पर नियंत्रण खो चुका है, यह आगे पता चलेगा। जमीन के आकार और पर्यावरण को लेकर उसकी संवेदनशीलता तथा मुंबई में जमीन की कमी को देखते हुए ट्रस्टीशिप और प्रबंधन को लेकर गहरे सवाल हैं। ये न केवल परिवार बल्कि शहर और सरकार को भी प्रभावित करते हैं। जमीन के विकास में कोई भी मूल्यवर्द्धन आंशिक रूप से गोदरेज के ब्रांड नाम के साथ भी जुड़ा होगा। ऐसे में व्यापक प्रश्न यह है कि दोनों अलग-अलग समूह जो परिवार के गोदरेज ब्रांड और लोगो को साझा करते रहेंगे, वे इस एक सदी से भी अधिक पुराने ब्रांड की छवि को कैसे बरकरार रख पाएंगे। ठोस ढंग से बात करें तो दोनों में से कोई भी पक्ष उन हालात का प्रबंधन कैसे करेगा

## खेल-खिलाड़ी

# टी2० विश्व कप की टीम में चुने जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगी किसकी नजर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2०24 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। एक वक्त राजस्थान की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन डेथ ओवर में हैदराबाद की ओर से शानदार प्रदर्शन ने राजस्थान के हाथों से जीत छीन ली। टी2० विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ी हैं। इनमें यशस्वी जायसवाल के अलावा संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल हैं। हालांकि, इस मैच में यशस्वी को छोड़कर बाकी दोनों फ्लॉप साबित हुए। टीम चुने जाने के बाद से भारतीय खिलाड़ियों को किसी की नजर लग गई है। चुने गए खिलाड़ियों की ओर से लगातार खराब प्रदर्शन हो रहा है। इससे पहले टीम चुने जाने के बाद मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से चुने गए खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

2०2 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को मार्को यानसेन के हाथों कैच कराया। वह खाता नहीं खोल सके। इसके बाद उम्मीद की गई शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन लंबी पारी खेलेंगे। हालांकि, पहले ही ओवर में भुवनेश्वर ने सैमसन को क्लीन बोल्ड किया। वह तीन गेंद खेले और कोई रन नहीं बना सके। एक रन पर राजस्थान की टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, यशस्वी के 4० गेंद पर बनाए गए 67 रन और रियान पराग




के 49 गेंद पर बनाए गए 77 रन ने राजस्थान को मुश्किल से निकाला। यशस्वी ने अपनी पारी में सात चैके और दो छक्के लगाए थे। वहीं, रियान ने आठ चौके और चार छक्के लगाए। हालांकि, इसके बावजूद टीम एक रन से हार गई। इससे पहले सनराइजर्स ने 2० ओवर में तीन विकेट पर 2०1 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने 44 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। वहीं, नीतीश रेड्डी ने 42 गेंद में तीन चैके और आठ छक्के की मदद से नाबाद 76 रन और हेनरिक क्लासेन ने 19 गेंद में तीन चैके तीन छक्के की मदद से नाबाद 42 रन बनाए। पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल से उम्मीद की जा रही थी कि टी2० विश्व कप के लिए चुने जाने के बाद वह अपने चयन को साबित करेंगे। उनकी करीब एक साल बाद अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। हालांकि, हुआ इसके उलट और चहल ने चार ओवर में बिना कोई विकेट लिए 62 रन खर्च कर दिए। उनका इकोनॉमी रेट 15.5० का रहा। रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल आवेश खान ने जरूर चार ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिए।

इस सीजन चहल के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक 1० मैचों में 13 विकेट लिए हैं और पर्पल कैप की रेस में छठे नंबर पर हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.68 का रहा है। वहीं, सैमसन ने इस सीजन अब तक 1० पारियों में 64.17 की औसत और 159.०9 के स्ट्राइक रेट से 385 रन बनाए हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह नौवें नंबर पर हैं। उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी नाबाद 82 रन की रही है। शुरुआती कुछ मैचों में विफल रहने के बाद यशस्वी ने टूर्नामेंट में जबरदस्त वापसी की और शतक लगाया। अब तक वह 1० पारियों में 35.11 की औसत और 157.21 के स्ट्राइक रेट से 316 रन बना दिए हैं। नाबाद 1०4 रन की पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है।

आईपीएल 2०24 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस सबसे फिसड्डी टीम साबित हुई है। ये दोनों टीमें अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। मुंबई नौवें और आरसीबी 1०वें स्थान पर है। हालांकि, इसके बावजूद इन दोनों टीमों को मिलाकर छह खिलाड़ी टी2० विश्व कप की टीम इंडिया में शामिल किए गए।

# रिंकू को टीम में नहीं लेने पर अगरकर ने तोड़ी चुप्पी, बताया कारण

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष सीनियर टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने आखिरकार रिंकू सिंह को टी2० विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में नहीं चुनने को लेकर चुप्पी तोड़ दी है। रिंकू को आईपीएल 2०24 सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी2० विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी और उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया था। रिंकू को टीम में शामिल नहीं करने पर काफी विवाद हुआ था। अब अगरकर ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि रिंकू की कोई गलती नहीं थी।हाल के महीनों में फिनिशर के रूप में जगह बनाने वाले रिंकू सिंह का 15 सदस्यीय टीम में जगह ना बना पाना काफी सवाल खड़े कर गया था। टीम चयन से पहले लगभग हर क्रिकेट विशेषज्ञ की टीम में शामिल रहे रिंकू रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ जाएंगे। रिंकू भारतीय टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और उन्होंने अपनी आक्रमक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा था। माना जा रहा था कि रिंकू 15 सदस्यीय टीम में होंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। टी2० विश्व कप को लेकर भारतीय टीम के चयन को लेकर गुरुवार को मुंबई स्थिति बीसीसीआई मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई जिसमें अगरकर के साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हुए। अगरकर से जब रिंकू को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इसे सबसे मुश्किल फैसला बताया। अगरकर ने कहा, रिंकू सिंह ने कुछ भी गलत नहीं किया है, यहां तक कि शुभमन गिल ने भी। रोहित को अधिक विकल्प के लिए टीम में कुछ कलाई के स्पिनर चाहिए थे। ऐसा ही मामला अक्षर के लिए भी है जो एक बैटिंग ऑलराउंडर हैं। हमने सोचा कि वह उपयोगी हो सकते हैं। यह हमारे लिए कठिन था, लेकिन दिन के अंत में हमें टीम चुननी थी।

# इस बार मंदाकिनी नदी किनारे बने आस्था पथ से होकर मंदिर तक पहुंचेंगे श्रद्धालु

**केदारनाथ।** 1० मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में इस बार मंदिर मार्ग पर भक्तों की लंबी लाइन नजर नहीं आएगी। यहां मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई की गई है, जिस कारण यहां उबड़-खाबड़ हो रखा है। ऐसे में बाबा केदार के भक्त मंदाकिनी नदी किनारे बने आस्था पथ से होकर मंदिर तक पहुंचेंगे। समुद्रतल से 1175० फीट की ऊंचाई पर स्थित भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम में दूसरे चरण के पुनर्निर्माण कार्य जोरों पर चल रहे हैं। धाम में संगम पर 54 मीटर लंबा पुल, अस्पताल भवन, यात्रा कंट्रोल रूम, संगम धाट, शिव उद्यान, विश्राम गृह और मंदिर परिसर पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई का काम चल रहा है। इन दिनों यहां



इन कार्यों को पूरा करने के लिए लोनिवि सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के 7०० से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। गोल चबूतरा से मंदिर परिसर की सीढ़ियों तक बीचोंबीच की गई खोदाई के कारण यहां पूरा रास्ता बदहाल हो गया है, जिस पर आवाजाही संभव नहीं है। ऐसे में 1० मई से शुरू हो रही बाबा केदार की यात्रा में यह मंदिर मार्ग भक्तों से वीरान रहेगा। इस बार श्रद्धालु इस रास्ते की बजाय हाट बाजार के पीछे बने सरस्वती आस्था पथ से होकर संगम पर पहुंचेंगे और वहां से मंदाकिनी नदी आस्था पथ से होकर मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर के दायीं तरफ श्रद्धालुओं के लिए भव्य रेन शेल्टर भी बनाया गया है। इधर, केदारनाथ विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज रावत का कहना है कि पुनर्निर्माण के नाम पर केदारनाथ में मनमाने तरीके से खोदाई की जा रही है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वर्ष 2०17-18 में करोड़ों रुपये खर्च कर मंदिर परिसर और मंदिर मार्ग का विस्तार किया गया।

यहां कई आवासीय मकान भी बनाए गए। लेकिन बीते वर्षों में रास्ते के विस्तार को लेकर कुछ मकान तोड़े गए और अब पूरा मंदिर मार्ग ही खोद दिया गया है, जो समझ से परे है। केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य जोरों पर चल रहे हैं। केदारनाथ मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने की योजना है, जिसके तहत कुछ हिस्से में खुदाई की गई है। इसलिए, इस बार यात्रा का संचालन संगम के किनारे से मंदाकिनी नदी आस्था पथ से होगा। मंदिर के दाई तरफ कुछ दूरी पर भक्तों के लिए रेन शेल्टर भी बनाया गया है।

# सारी थकान दूर कर देता है गंगनानी कुंड



**उत्तराखंड।** अगर आप चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं तो गंगोत्री धाम जाते समय गंगनानी कुंड जरूर जाए। दरअसल, गंगोत्री मार्ग पर स्थित इस कुंड में 12 महीने पानी गर्म रहता है। इस कुंड में स्नान करने से चारधाम यात्रा की सारी थकान दूर हो जाती है। जिला मुख्यालय से करीब 42 किमी की दूरी पर गंगनानी नामक स्थान है। यहां गंगोत्री हाईवे के दायीं ओर सीढ़ियां चढ़कर पहाड़ पर है गंगनानी कुंड। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु हो या पर्यटक यहां रुककर कुंड में स्नान करना नहीं भूलते हैं। शुरुआत में कुंड का जल कुछ गर्म सा लगता है, लेकिन जब कुंड में स्नान के लिए उतरते हैं तो यह ज्यादा गर्म नहीं लगता। बताते हैं कि गंधक और सल्फर युक्त यह गर्म जल शरीर में त्वचा संबंधी चर्म रोग, दाद-खाज व खुजली जैसी तकलीफों को दूर करने में सहायक है। यही कारण है कि ऑफ सीजन में भी वर्षभर यहां पर्यटक पहुंचते रहते हैं। कड़ाके की सर्दी के बीच कुंड के गर्म जल में स्नान का अपना ही आनंद रहता है। गंगनानी कुंड के पास पराशर ऋषि का मंदिर भी है। पराशर ऋषि एक दिव्य और अलौकिक शक्तियों के ऋषि थे। वह भगवान शिव के अनन्य उपासक थे। वह महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास के पिता थे। उन्होंने ही वैदिक ज्योतिष शास्त्र का निर्माण किया था।

गंगनानी में एक नहीं बल्कि दो कुंड हैं। जिसमें महिलाएं स्नान करती हैं उसे वशिष्ठ कुंड कहते हैं। जिसमें पुरुष स्नान करते हैं उसे व्यास कुंड कहते हैं। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर वेदव्यास के पिता महर्षि पराशर ने हजारों सालों तक तपस्या की थी, तब इस गर्म जल का उद्गम हुआ। गंगनानी गर्म कुंड जिला मुख्यालय से करीब 42 किमी दूरी पर है। जहां के लिए बस या टैक्सी से पहुंचा जा सकता है। वाहन पार्क सीढ़ियां चढ़कर दायीं ओर पहाड़ पर बने कुंड तक पहुंचा जाता है। वर्तमान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुंड के होटल व रेस्टोरेंट का निर्माण हो गया है।

# फर्जी नाम-पते पर खरीद ली एंबुलेंस, 15० मालिकों को आरटीओ ने भेजा नोटिस

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अमरोहा।** गजरौला और जोया के फर्जी नाम-पते पर चलती पाई गईं 7०० एम्बुलेंस के पंजीयन निरस्त होंगे। इसके लिए एआरटीओ कार्यालय से डेढ़ सौ एंबुलेंस मालिकों नोटिस जारी किए गए हैं। कोरोना काल के समय फर्जी नाम-पते पर रजिस्टर्ड एंबुलेंस दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा में दौड़ती पाई गई थीं।

फिलहाल उप परिवहन आयुक्त ने सभी एंबुलेंस के पंजीयन निरस्त करने के आदेश दिए थे। इतना ही नहीं फर्मों के मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल जग्गा ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से फर्जी फर्म का गठन कर कूटरचित प्रपत्रों के जरिए 7०० एंबुलेंस का पंजीयन करने का आरोप लगाया था।

एंबुलेंस की संख्या का खुलासा एआरटीओ द्वारा आरटीआई के जवाब से हुई था। एंबुलेंस के पंजीयन पत्रावली में वाहन के पंजीकृत मालिकों द्वारा कारोबार के स्थान के पते के प्रमाणपत्र के रूप में कागजात लगाए गए, वह कूटरचित हैं।

सात सौ से अधिक एंबुलेंस केवल दो फर्जी फर्मों श्री साइन एंबुलेंस सर्विसेज निकट एआरटीओ ऑफिस अतरासी रोड और गगन त्यागी एंबुलेंस सर्विस ग्राम तिगरिया खादर गजरौला और करीब सौ एंबुलेंस इकबाल नगर कस्बा जोया के पते पर पंजीकृत हैं। हकीकत में उन नाम-पते पर कोई एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं है। नाम-पते पूरी तरह फर्जी हैं। इतना ही नहीं इन पतों पर कोई भी एंबुलेंस सर्विस देने वाली संस्था कार्यरत नहीं है। एंबुलेंस के अधिकतर मालिक उत्तर प्रदेश राज्य से बाहर दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा के मूल निवासी हैं। अस्थायी पते के कॉलम में दोनों फर्मों और इकबाल नगर जोया के फर्जी पते दर्ज किए गए थे। इतना ही नहीं इतनी बड़ी संख्या में फर्म के नाम पंजीकृत एंबुलेंस की स्थानीय लोगों को भी जानकारी नहीं है।

फर्जी नाम-पते पर अंकित सभी 7०० एम्बुलेंस के पंजीयन निरस्त होंगे। इसके लिए करीब 15० एंबुलेंस मालिकों को नोटिए दिए जा चुके हैं। चुनाव प्रक्रिया के चलते कार्रवाई नहीं हो सकी थी। अब अन्य एंबुलेंस चालकों को नोटिस दिए जाएंगे। सभी एंबुलेंस का पंजीयन निरस्त होगा। फर्जी नाम-पते पर एंबुलेंस का पंजीयन कराने वाली फर्मों के मालिकों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का निधन

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह के लिए अपनी विधायक की सीट छोड़ने वाले राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी का निधन हो गया। कैलाश गहतोड़ी लंबे समय से बीमारी से जुझ रहे थे, उन्होंने दून अस्पताल में आज



सुबह अंतिम सांस ली। सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा नेताओं ने कैलाश गहतोड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

बता दें कि, कैलाश गहतोड़ी 2०17 और 2०22 में चंपावत से चुनाव जीते थे। इसके बाद 2०22 में ही उन्होंने सीएम धामी के लिए अपनी सीट से इस्तीफा दिया था।

## सार-संक्षेप

# बाइक चुराकर उसी के मालिक को बेचने पहुंचे युवक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शरीफ नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल से चोरी की गई बाइक को चोर उसी के मालिक को बेचने पहुंच गए। हालांकि पहचान होने पर आरोपी बाइक लेकर भाग गए। चोरों ने बाइक को बेचने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो डाला था। फोटो देखकर बाइक के मालिक ने उसे खरीदने की बात कही थी। बिजनौर जिले के अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अभय राजपुर निवासी निसार अहमद बीते दिन शरीफ नगर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बाइक बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी कर वह खाना खाने चले गए थे। जब वापस आए तो बाइक गायब थी। निसार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक तलाशने की मांग की थी। नासिर ने बताया कि चोरों ने चोरी की गई उसकी बाइक का रंग बदलकर उसे बेचने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो डाली थी। उक्त व्हाट्सएप ग्रुप से वह भी जुड़ा है। बाइक की पहचान होने पर उसने आरोपियों को फोन किया और बाइक खरीदने की बात कही। सौदा होने के बाद आरोपियों ने बुधवार की रात उनको शरीफ नगर में बाइक खरीदने के लिए बुलाया था। निसार अहमद ने पुलिस और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी थी। बुधवार रात में प्लान के मुताबिक नासिर बदमाशों से अपनी बाइक खरीदने गए। निसार अहमद ने शरीफ नगर पहुंचकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। दो बदमाश पहले से ही बताए गए पते पर खड़े थे। निसार बाइक खरीदने के लिए आरोपियों से बात करने लगे, लेकिन बाइक चोरों को पुलिस के आने की भनक लग गई और वह पुलिस को चकमा देकर वहां से भाग गए। निसार का आरोप है कि कुछ आरोपी इधर-उधर भी खड़े हो सकते हैं। पुलिस ने निसार अहमद की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी शैलेंद्र चौहान फर्जी हान का कहना है कि पुलिस ने गैंग को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था।

# नैतिक मतदान के लिए ई-शपथ ऑनलाइन कार्यक्रम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मतदाताओं को जागरूक करने हेतु श्रीगणेश इंटर कॉलेज, कासगंज में स्वीप के अंतर्गत चल रहे नैतिक मतदान का संकल्प प्रमाण पत्र पोर्टल लांच करने के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री सचिन द्वारा किया गया और मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने नैतिक मतदान का संकल्प लेने वाले मतदाताओं को प्रमाण पत्र वितरण किये। इसके साथ ही उपस्थित सभी अतिथिगणों एवं मतदाताओं को मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने इस पोर्टल के बारे में बताया कि ज्यादा से ज्यादा नैतिक मतदान की शपथ लेकर ई-शपथ पत्र का हिस्सा बने और सफल चुनाव के लिए सभी को जागरूक करें। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त डीडीओ, कासगंज- संजय कुमार, सहायक नोडल ऑफिसर स्वीप प्रदीप कुमार मौर्य, समन्वयक साइंस क्लब- जयंत गुप्ता, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनजेर-श्री अंसुल माहेश्वरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे । नैतिक मतदान की शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर फॉर्म में भरना होता हैं । आवेदक पोर्टल पर जाकर नैतिक मतदान की शपथ लेगा और ऑनलाइन फॉर्म भरेगा। जिसमे उसे नाम, मोबाइल, ई मेल भरने के कुछ मिनट बाद ही प्रमाण पत्र आपकी दर्ज की हुई ईमेल आईडी पर पहुंच जाता हैं।

# महिला शक्ति संगठन हर गरीब की बढ़ चढ़कर कर रही सहायता

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने एक बार फिर गरीब कन्या की शादी में सहयोग करते हुए अब तक 51वी शादी में सहयोग कर यह साबित कर दिया कि की संगठन हमेशा गरीब महिलाओं की सेवा के लिए तत्पर तैयार रहता है।थाना हयात नगर में महिला शक्ति संगठन ने एक बार फिर गरीब कन्या की शादी में सहयोग किया। जिसमें दुल्हन के जरूरत तका समान तथा लिफाफा उसके परिजनों को दिया गया।

इस अवसर पर संगठन की सभी महिलाओं के चेहरे पर अलग खुशी दिखाई दी। क्योंकि यह संगठन अब तक 51 वीं शादी में सहयोग कर चुका है 1०दिन पहले ही एक



शादी में सहयोग दिया था। जो कि संभल में मुश्किल से किसी और ने इतनी शादियों में सहयोग किया हो। संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा। कि हमें खुशी है। कि हम सभी संगठन की महिलाएं गरीब कन्या की शादी में सहयोग करते हैं। अब तक हम 51वी शादी मैं सहयोग कर चुके हैं। आगे भी किसी निर्धन कन्या की शादी में सहयोग करते रहेंगे पिछले दिनों हमने एक निर्धन कन्या की शादी में सहयोग किया था।

# सड़क हादसे में दो बेटियों की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई माँ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रामपुर।** संभल जिले के मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव बिचपुरी के पास रोडवेज और कार की टक्कर हो गई थी। इसमें दो सगी बहनों समेत चार की मौत जबकि पांच लोग घायल हो गए थे। दो बेटियों की मौत की सूचना के सदमे से उनकी मां की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उनकी जान चली गई। इससे पूरे गांव में कोहराम मच गया है।

रामपुर के सिविल लाइंस कोतवाली थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी भगवंत सरन अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ कार से वृंदावन बांके बिहारी के दर्शन के लिए जा रहे थे। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद -आगरा हाईवे पर बृहस्पतिवार को गांव बिचपुरी के



पास वाहन को ओवरटेक करते हुए उनकी कार सामने से आ रही हाथरस डिपो के बस से टकरा गई। तेजगति में टक्कर के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में कार में सवार सभी नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार की बॉडी को तोड़कर सभी घायलों को निकाला और गुन्नौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने राधिका (7), धनशा (5), मीना (55) और राजबाला (35) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल भगवंत सरन और उनकी पत्नी प्रीति को हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

रोडवेज की बस में 45 यात्री सवार थे। जिनमें से किसी को चोट नहीं आई है। हादसे के बाद बस के चालक और परिचालक मौके से भाग गए। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। दो बेटियों की मौत की खबर सुन मां प्रीति यादव सदमा झेल नहीं पाई। उनकी हालत बिगड़ती चली गई। इसके बाद शुक्रवार को उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

संभल के गुन्नौर में हुए हादसे में चार लोगों की मौत के बाद रामपुर के दो गांवों हाजीपुर और रायपुर में मातम छा गया। पूरा परिवार एक कार से धार्मिक यात्रा के लिए निकले थे, लेकिन बीच रास्ते में वह हादसे का शिकार हो गए। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रायपुर के किसान भगवंत सिंह अपने परिवार के साथ वृंदावन के लिए बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे कार से निकले थे। कार में कुल नौ लोग सवार थे। बताया गया कि गुन्नौर के पास उनकी कार रोडवेज बस से टकरा गई। जिससे कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। हादसे में भगवंत की बेटी राधिका और धनुषा की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- जब बुरा वक्त आएगा तो राहुल गांधी इटली भाग जाएंगे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद के कैला देवी मंदिर स्थित जनसभा को संबोधित करने दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एक ही हेलीकॉप्टर से दोपहर 12:4० पर पहुंचे सबसे पहले दो प्रदेशों के मुख्यमंत्रीयों ने मां कैला देवी मंदिर के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना की उसके बाद ठीक 1:०० बजे जनसभा को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। कि जब बुरा वक्त आएगा तो राहुल गांधी इटली भाग जाएंगे और हमारी भाजपा सरकार में बुरा वक्त आने पर कोविड द्वारा कोरोना काल में लोगों को मरने से बचाने का काम किया है और उन्होंने गठबंधन सरकार को घेरते हुए कहा। कि अखिलेश और राहुल की एक ऐसी जोड़ी है।

जैसे अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर देना और हमारी सरकार में तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उसके बाद जनता से मतदान करने की अपील की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताया। कि मैं आपको बताना चाहूंगा। कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश में यादव समाज को मुख्यमंत्री बनाकर बहुत बड़ा काम किया है।

क्योंकि मध्य प्रदेश में यादव समाज की संख्या बहुत कम है। और फिर भी यादव समाज के मुख्यमंत्री को चुना गया। और उन्होंने कहा आगे वाले तीन चुनाव जीतकर झंडा लहराते रहेंगे और उन्होंने जनता से अपील की हर व्यक्ति को मतदान करना है और हर घर जाकर मतदान करने के लिए बताना है।

# हाईकोर्ट के न्यायाधीश का कासगंज आगमन पर स्वागत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति कासगंज के कौशल किशोर सिंघल सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक के नेतृत्व में माननीय अचल कुमार पालीवाल माननीय न्यायाधीश हाई कोर्ट के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नदरई गेट कासगंज पर आगमन पर स्वागत कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं जनपद चेयरमैन राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग विजय राजपूत ने शाल उड़ाकर तथा सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति कौशल किशोर सिंघल ने प्रतीक चिन्ह देकर तथा मुन्नालाल मतवाला राष्ट्रीय कलाकार परिवार संघ ने पगड़ी पहनाकर कर तथा सीपी सिंह कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद किशन शक्की जिला प्रभारी भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन मंत्री मोहित अग्रवाल उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश वशिष्ट सोहनलाल बघे ने फूलमाला पहनाकर माननीय न्यायाधीश का स्वागत किया।

# अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने मुस्लिम बस्तियों में किया जनसंपर्क

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चुनाव प्रचार के बीच भाजपा अल्पसंख्यक वोटो पर अपना फोकस किए हुए है। ओर सरकार से मिले योजनाओं के लाभ आप सबका साथ सबका विकास के तहत किए गये कार्यो को भी बताना नहीं भूल रही।क्षेत्र के ग्राम रुकनुद्दीन सराय में डॉ. सलमान खान जिला महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल व शक्ति केन्द्र संयोजक भाजपा के नेतृत्व में हाजी मुस्ताकीम, मो. शाकिर अशरफी, मो. मुनीर, मो. नईम के निवास पर चुनाव को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों के साथ भाजपा का कार्यक्रम हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक आयोग के



अध्यक्ष अशफाक सैफी, उपस्थित रहे। जिन्होंने भाजपा सरकार मे चल रही जनकल्याण कारी योजनाओं को बताया और आने वाले 2०24 के चुनाव में सम्भल लोकसभा के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सेनी के पक्ष में वोट डाल कर प्रधानमंत्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। जिस पर सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने परमेश्वर लाल सैनी को विजय बनाकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। अशफाक सैफी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कए बार फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। बैठक में सैय्यद शान अली निवर्तमान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सम्भल, मो० आरिफ सैफी जी पूर्व प्रत्याशी विधानसभा 3० बिलारीबहुत से आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमृतसर के विकास के लिए दिए 100 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** प्रवासी भारतीयों ने भारतीय शहर के विकास के लिए पहली पहल की है। इसके तहत उन्होंने अमृतसर के सामाजिक और आर्थिक विकास के स्टार्टअप के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के सहयोग से, अमेरिका में रहने वाले प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों और भारतीयों के एक समूह ने वाशिंगटन के मैरीलैंड उपनगर में अपनी पहली बैठक की। जिसमें अमृतसर के विकास के लिए समिति का गठन करेंगे।

इसके लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू जो कि वापस अमृतसर लौट आए हैं, उन्होंने इसकी शुरुआत की है। अमृतसर आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो



रहा है। संधू ने सेवानिवृत्ति के बाद भारत लौटने पर अमृतसर से भाजपा ज्वाइन कर ली। यही नहीं वे यहां के लोकसभा उम्मीदवार भी बन गए। उन्होंने शहर में प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी सदस्यों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया।

इस सम्मेलन में अमेरिका के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने प्रतिभाग किया। यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी अमेरिका आए। इस सम्मेलन में सह-मेजबानी फिक्की के साथ की गई। वाशिंगटन के मैरीलैंड में एक बार फिर इस विषय पर बैठक हुई। जिसमें अमृतसर के भारतीय अमेरिकी संजीव लखनपाल की अध्यक्षता में विकसित अमृतसर पहल के गठन की घोषणा हुई।

मुकेश अघी ने बताया कि इसका उद्देश्य अमृतसर में उद्यमियों को सलाह और उनके सामाजिक रूप से स्टार्टअप को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि अमृतसर स्टार्टअप में निवेश करने के लिए लगभग सौ मिलियन डॉलर एकत्र किए हैं। 250 से अधिक आवेदन हैं जिनकी समीक्षा कर उनका चयन करेंगे। ताकि अधिक स्टार्टअप अमृतसर में अधिक नौकरियाँ पैदा करें। उन्होंने बताया कि यह स्टार्टअप खेती और कृषि, उद्योग और वाणिज्य, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, पर्यटन और गृह निर्माण के क्षेत्र में हो सकते हैं।

मेरे समूह की ओर से अमृतसर में स्टार्टअप्स में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के निवेश किए जाएंगे। वहीं विकसित अमृतसर पहल के संस्थापक संजीव लखनपाल ने कहा कि हमारे पास अमृतसर में राजदूत तरणजीत जैसा साझेदार है जिस पर हम भरोसा कर सकते हैं क्योंकि हम अपने संसाधन और प्रयास अमृतसर में लगा रहे हैं। वहीं संधू ने कहा कि अमृतसर की कनेक्टिविटी और सर्वांगीण विकास का दायरा बहुत बड़ा है।

## तुर्किये ने इस्राइल के साथ रोका व्यापार

**इजराइल।** इस्राइल और हमास के बीच बीते 200 से ज्यादा दिनों से जारी भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही। इस बीच, तुर्किये ने गाजा की मानवीय स्थिति का हवाला देते हुए तेल अवीव से सभी आयात और निर्यात रोक दिए हैं।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों के मुताबिक तुर्किये के व्यापार मंत्रालय ने इसकी घोषणा की। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, इस्राइल से जुड़े आयात और निर्यात को रोक दिया गया है, जिसमें सभी उत्पाद शामिल हैं।

तुर्किये इन नए उपायों को सख्ती से और निर्णायक रूप से लागू करेगा, जब तक इस्राइल सरकार गाजा को मानवीय मदद के निर्बाध और पर्याप्त प्रवाह को अनुमति नहीं देती है। तुर्किये की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब इस्राइली विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज ने हाल ही में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तईप अर्दोगान पर बंदरगाहों से इस्राइल के आयात और निर्यात में बाधा का आरोप है।

# अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद हो सकती है उथल-पुथल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। एक दूसरे पर आरोप लगाने का दौर जारी है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिससे चुनाव के बाद उथल-पुथल होने का संकेत मिला है।

उन्होंने दावा किया कि शायद वह विस्कॉन्सिन में इस साल के चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं कर सकें। डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर वह नवंबर में होने वाले चुनाव के नतीजों को सही नहीं मानते हैं तो आपको देश के अधिकार के लिए लड़ना होगा।

उन्होंने आगे कहा अगर सब कुछ ईमानदार रहा तो मैं परिणामों को पूरी तरह स्वीकार करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप का



यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उन्होंने चुनाव के आसपास राजनीतिक हिंसा की आशंका से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया की निष्पक्षता पर निर्भर करता है।

वहीं, उत्तरी कैरोलिना के शारलोट में गुरुवार को एक कार्यक्रम में जाने के दौरान बाइडन से पूछा गया कि क्या वह परेशान हैं कि ट्रंप चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं करेंगे। इस पर राष्ट्रपति ने कहा कि वह क्या कह रहे हैं यह सुनिए। ट्रंप ने इंटरव्यू में एक बार फिर अपने दावे को दोहराया कि उन्होंने साल 2020 में विस्कॉन्सिन का चुनाव जीता था। हालांकि, तब करीब 21 हजार वोटों से बाइडन जीते थे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि आप पीछे जाएं और सामने आई सभी चीजों को देखें, तो इससे पता चलता है कि मैंने विस्कॉन्सिन में चुनाव जीता था।

ट्रंप ने एक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा कि अगर उन्हें लगता है कि नतीजों में कुछ गड़बड़ है तो वह चुनाव को लेकर संदेह जताने से नहीं हिचकिचाएंगे। उन्होंने कहा, अगर मैंने कुछ और कहा तो यह देश के हित में नहीं होगा। इसलिए मैं एक ईमानदार चुनाव की उम्मीद करता हूं और बड़ी जीत की उम्मीद करते हैं।

# विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों से मस्क ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हो रहे फलस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी।

इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, प्रस्तावित कानून अगर कोई अमेरिकी झंडे को फाड़ता है।

और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने



इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था। मस्क के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने लिखा कि पहली बात अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी है।

जिसमें सभी झंडों को फाड़ने और उनके साथ कुछ भी करने की आजादी है और किन्हीं कारणों से इस अधिकार को संविधान में सुरक्षित किया गया है। दूसरी बात तब आप क्या करेंगे, जब वे लोग इस झंडे से अमेरिकी झंडे को बदल दें। इसके साथ ही स्नोडेन ने फास्ट फूड चेन मैकडोनाल्ड के झंडे की तस्वीर साझा की। दरअसल अमेरिका के कई संस्थानों में इन दिनों फलस्तीन के समर्थन में धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और कई पर शैक्षिक प्रतिबंध लगा दिए गए हैं।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में परिसर को प्रदर्शनकारी छात्रों से मुक्त कराने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी थी। इसी को लेकर मस्क ने पोल संबंधी पोस्ट किया था। हालांकि मस्क ने एक अन्य ट्वीट में ये भी लिखा कि अन्य देश भेजे जाने वाले अमेरिकी कुछ समय उस देश में बिताने के बाद वापस अमेरिका आ सकते हैं, ताकि उन्हें उस देश की जमीनी हकीकत के बारे में पता चल सके। एडवर्ड स्नोडेन पर साल 2013 में अमेरिका की खुफिया सूचनाएं लीक करने का आरोप लगा था। जिस पर पूरी दुनिया में हंगामा हुआ था।

## पुनर्निर्माण में आएगी करीब अरबों की लागत

**हमास।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि युद्ध से तबाह गाजा को फिर से खड़ा करने में अनुमानित 30 से 40 अरब डॉलर की लागत आएगी। एजेंसी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार होगा जब इतने बड़े पैमाने पर कोशिश होगी।

यूएन के सहायक महासचिव अब्दुल्ला अल-दरदारी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का शुरुआती अनुमान है कि गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए लागत 30 से 40 अरब डॉलर को पार कर सकती है।

जॉर्डन की राजधानी अम्मान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, विनाश का पैमाना बहुत बड़ा और अभूतपूर्व है। यह एक ऐसा मिशन है जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वैश्विक समुदाय ने नहीं निपटाया है। गाजा का पुनर्निर्माण सामान्य प्रक्रिया के जरिए किया जाता है।

# पाक में काम कर रहे चीनी नागरिकों की जान को खतरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर कुछ समय से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। हमलों में अनेकों चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। ड्रैगन अपने लोगों के मारे जाने पर गुस्से में है। बताया जा रहा है कि उसने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई है। वहीं, अब भारत के पड़ोसी देश ने चीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक नया कदम उठाया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने चीनी नागरिकों को बिना बख्तरबंद वाहन के प्रांत में यात्रा नहीं करने का आदेश दिया है। पाकिस्तान प्रशासन का स्पष्ट तौर पर कहना है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

हाल ही में चीनी नागरिकों को बुलेट प्रूफवाहन के अलावा किसी भी वाहन में यात्रा करने से एक तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हजारा



रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक ताहिर अयूब खान ने कहा, शहम चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपायों को अपना रहे हैं। इन लोगों को सरकार के निर्देशों के अनुसार बिना बख्तरबंद वाहनों के प्रांत में यात्रा नहीं करनी चाहिए।

पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला 26 मार्च की घटना को देखते हुए लिया है। दरअसल, चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को निशाना बनाया गया था, जो उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक बांध परियोजना में काम कर रहे थे। हमले में छह चीनी नागरिक मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के बेशम इलाके में चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार चीनी नागरिकों के काफिले में घुसा दी थी।

एक सप्ताह में तीसरी बार हमला किया गया था। इससे पहले हुए हमलों में पाकिस्तान के नौसैनिक हवाई अड्डे और दक्षिण पश्चिम प्रांत बलूचिस्तान में चीनी निवेश के लिए महत्वपूर्ण एक रणनीतिक बंदरगाह को निशाना बनाया गया था, जो इस क्षेत्र में चीनी परियोजनाओं के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच कई चीनी नागरिकों के अपने होटलों से बाहर निकलने पर रोक लगा दी थी।

पुलिस के एक पत्र में उन चीनी नागरिकों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया गया है जो गैर-चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं में शामिल हैं। पाकिस्तान के गृह विभाग ने यह भी कहा कि बदलाव नहीं होने तक बुलेटप्रूफवाहनों का इस्तेमाल नहीं करने वाली परियोजनाओं को बंद कर दिया जाएगा।

थोड़े दिनों पहले ही पाकिस्तान ने सीपीईसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे चीनी नागरिकों को बुलेट प्रूफवाहन में यात्रा करने की सलाह दी थी। डीआईजी ने जिला पुलिस अधिकारी शफीउल्लाह गंडापुर के साथ सुकी किनारी और बालाकोट जलविद्युत परियोजनाओं के स्थलों का दौरा किया।

# पाकिस्तान में बस दुर्घटना, 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सुबह सुबह एक पहाड़ी इलाके में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में जा गिरी। बस में बैठे 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं 21 लोग अभी घायल हैं। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाल्तिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी।

सुबह लगभग 5:30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधु नदी में जा गिरी। बस में सवार कई लोगों जख्मी हो गए। लगभग 15 लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं कई शव को बरामद किया गया है।

सूत्रों की मानें तो मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है



क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। बस में 43 लोग सवार थे। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, बचाव कार्य जारी है। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित किया है।

## वीजा देने में भारतीय कंपनी शामिल नही

**कोलंबो।** श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका की मीडिया रिपोर्ट्स में किए जा रहे दावों का खंडन किया है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा था कि भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वीजा देने में गड़बड़ी के लिए एक भारतीय कंपनी को दोषी ठहराया गया। इसके बाद श्रीलंकाई अधिकारियों ने भी दावा किया कि कथित घटना के बाद भारतीय कंपनी ने हवाई अड्डे पर आगमन पर वीजा काउंटरों को वापस ले लिया है।

अब इस मामले में भारतीय उच्चायोग का कहना है कि कोलंबो हवाई अड्डे पर वीजा ऑन अराइवल प्रदान करने में कोई भी भारतीय कंपनी शामिल नहीं है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम पहले कोलंबो हवाई अड्डे में भारतीय कंपनियों द्वारा वीजा जारी करने का काम अपने हाथ में लेने के संबंध में सोशल मीडिया समेत अन्य रिपोर्टें और टिप्पणियां देखी हैं।

# फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में दो हजार लोग गिरफ्तार

**फलस्तीन।** पुलिस ने हाल के हफ्तों में अमेरिका के कॉलेज परिसरों में फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान 2000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। एसोसिएटेड प्रेस टेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के करीब हर कोने में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन हुए और गिरफ्तारियां हुईं।

बीते चौबीस घंटों में लॉस एंजिल्स के प्रदर्शन ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है, जहां गुरुवार की सुबह अधिकारी प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर टूट पड़े। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सैकड़ों प्रदर्शन कारियों ने जगह खाली करने के आदेश का उल्लंघन किया।

कुछ लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए फ्लैश ग्रेनेड का



इस्तेमाल किया। लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफविभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती दल के सार्जेंट एलेजांद्रो रुबियो ने बताया कि कम से कम 200 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

रुबियो ने कहा कि लॉस एंजिल्स शहर के पास काउंटी जेल परिसर में उन पर मामला दर्ज किया जा रहा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय पुलिस तय करेगी कि कौन से आरोप लगाने हैं। प्रदर्शनकारियों ने आह्वान किया कि इस्राइल या उसकी कंपनियों के साथ व्यापार करना बंद करें, क्योंकि वे गाजा में युद्ध का समर्थन करते हैं।

17 अप्रैल को कोलंबिया विश्वविद्यालय में शुरू हुए प्रदर्शन अब देशभर के विश्वविद्यालयों के परिसरों तक फैल गए हैं। छात्र इस्राइल-हमास युद्ध को खत्म करने का आह्वान कर रहे हैं। इस युद्ध में गाजा पट्टी में अब तक 34 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था और करीब 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और करीब ढाई सौ लोगों को बंधक बना लिया था।

इसके बाद इस्राइल ने गाजा पर हमला शुरू किया था। कैलिफोर्निया राजमार्ग गश्ती अधिकारी गुरुवार तड़के सैकड़ों की संख्या में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय परिसर में घुसे। उन्होंने फेसशील्ड, हेलमेट और गैस मास्क पहने हुए थे और हाथों में डंडे लिए हुए थे। अधिकारियों ने घंटों तक लाउड स्पीकर से चेतावनी दी कि अगर एक हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ तितर-बितर नहीं हुई तो गिरफ्तारियां होंगी।

# यूक्रेन संकट के बीच काम कर रहीं रूसी सेनाएं

**मास्को।** रूस और अमेरिका की प्रतिद्वंदिता जगजाहिर है, लेकिन अफ्रीकी देश नाइजर में दोनों देशों की सेनाएं साथ काम कर रही हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और रूस के सैनिक नाइजर में बीते कई हफ्तों से एक ही सैन्य अड्डे पर ठहरे हुए हैं।

हालांकि नाइजर की सेना अमेरिका के सैनिकों को देश छोड़ने को कह चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस और अमेरिका के सैनिक नाइजर के एयर बेस 101 पर मौजूद हैं। रूस के सैनिक बेस के एक हैंगर से



ऑपरेट कर रहे हैं। हालांकि एक बेस पर काम करने के चलते दोनों देशों के सैनिकों में जुड़ाव बना हुआ है।

नाइजर में जुलाई 2023 में हुए तख्तापलट में नाइजर की सेना जुंटा सत्ता पर काबिज हो गई है। नाइजर की सेना अपने देश से अमेरिका के सैनिकों को निकालना चाहती है। साल 2014 में अमेरिका और नाइजर के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके तहत अमेरिका के सैनिक और नागरिक स्टाफ नाइजर में तैनात किए जा सकते हैं।

अब तख्तापलट के बाद नाइजर की सेना ने उस समझौते को खत्म कर दिया है और अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया है। वहीं नाइजर में रूस का प्रभाव बढ़ रहा है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने जनवरी में नाइजर के साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने का एलान किया था।

## प्रज्वल के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** अश्लील टेप मामले में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। इस मामले में उनके खिलाफ यह दूसरा केस है, जिसे कर्नाटक पुलिस की विशेष जांच टीम के द्वारा दर्ज किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं।

एएनआई के अनुसार, उन्हें एफआईआर में एकमात्र आरोपी के तौर पर नामित किया गया है। एसआईटी की टीम ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट की अदालत में एफआईआर सौंपी।

# स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने में एशिया-प्रशांत में सबसे पीछे

**नई दिल्ली।** भारत बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने के मामले में एशिया-प्रशांत देशों में सबसे पीछे है। भारत को अपनी आर्थिक वृद्धि दर कायम रखने और तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है।

एशियाई विकास बैंक ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट एजिंग वेल इन एशिया में कहा कि यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने में भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में बुजुर्गों के बीच स्वास्थ्य



बीमा की पहुंच सबसे कम 21 फीसदी है। हालांकि, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड ने यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है।

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति सुधरेगी और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे।

साथ ही, भारत जैसे देशों को बुजुर्गों की मौजूदगी से मिलने वाला लाभांश अधिक हो सकता है। उन्होंने कहा, बुजुर्गों की शारीरिक व कार्यात्मक क्षमता बढ़ाने वाली जरूरी सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार भी अहम है।

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि भारत ने अपनी गरीब आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कई उपाय किए हैं। गरीबों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941